81/82 और 103/104 ए० सी० एक्सप्रेस रेलगाड़ियां

963. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि 81/82 और 103/104 ए० सी० एक्सप्रेस रेलगाड़ीयों (दिल्ली-हावड़ा और हावडा-दिल्ली) को, जो सप्ताह में पांच दिन चलती है, दैनिक रेलगाड़ियों में परिवर्तित न किये जाने के क्या-क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : खाली दिनों में मार्ग पर राजधानी एक्सप्रैस सहित अन्य गाड़ियों की उपलब्धता होने के कारण ए०सी० एक्सप्रैस के फेरों में वृद्धि करना आवश्यक नहीं समझा जाता। इसके अतिरिक्त, भारतीय रेलों पर वातानुकुलित सवारी डिब्बों की भारी कमी है।

इलाहाबाद से भटनी तक छोटी लाइन का बड़ी लाइन में परिवर्तन

964. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इलाहाबाद से भटनी तक छोटी लाइन को बड़ी लाइन में परिवर्तित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचराधीन है ; और

(ख) यदि हां, तो उसके कार्यान्वियन में क्या-क्या बाधायें हैं ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) और (ख) वाराणसी-इलाहाबाद मीटर लाइन को बड़ी लाइन में बदलने के लिए 1975 में सर्वेक्षण किया गया था तथा इसका अद्यतन 1982 में किया गया था। परियोजना को वित्तीय दृष्टि से अलाभकर पाया गया था। इस परियोजना को शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। भटनी-वाराणसी मीटर लाइन का बड़ी लाइन मे बदलाव एक अनुमोदित परियोजना है तथा संसाधनों की उपलब्धता के अनुरूप इस पर काम प्रगति पर है।

इलाहाबाद से नई दिल्ली तक दैनिक उड़ान

965. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि इलाहाबाद से नई दिल्ली तक दैनिक उड़ान उपलब्ध न कराये जाने के क्या कारण है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री तथा नागर विमानन मंत्री (श्री मोती लाल वोरा) : दिल्ली और इलाहाबाद के बीच यात्री माग को देखते हुए इस सैक्टर पर एक दैनिक सेवा चलाने का कोई औचित्य नहीं है।

Introduction of Two-tier Catering System

966. SHRI PRAMOD MAHAJAN: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Indian Railways are proposing to start two-tier rate system for catering to passengers on running trains *i.e.* higher rate for higher classes and lower rate for lower classes;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) if the answer to part (a) above is in negative, the reasons thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) Price charged depends on the type of food served and not on class of travel.

Open Level Crossings

967. SHRI PRAMOD MAHAJAN: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state: